तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 26 मई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 आदिवासी बच्चियों के लिए बन रहे विद्यालय भवन में अनियमितता




## खबर संक्षेप

### संतों के अपमान पर युवा मोर्चा का कड़ा विरोध

**मनेन्द्रगढ़।** जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी के प्रति की गई अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह बयान न केवल एक पूज्य संत का अपमान है, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की आस्था और सनातन संस्कृति पर सीधा आघात है। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला एमसीबी के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा समेत सभी पदाधिकारियों ने इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बयान की घोर भर्त्सना की है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि डॉ. चरण दास महंत को तत्काल अपना बयान वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। यदि शीघ्र ही इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी वापस नहीं ली जाती है, तो युवा मोर्चा लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा संतों के सम्मान, सनातन संस्कृति और हिंदू समाज की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा और किसी भी प्रकार का अपमान सहन नहीं किया जाएगा।

### शासकीय फाइलें केवल ऑनलाइन होंगी संचालित

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही, त्वरित निष्पादन एवं पूर्ण डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब सभी विभागों एवं शासकीय कार्यालयों में कार्यालयीन नस्तियों और फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा। शासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि पूर्व में जारी परिपत्रों के अनुसार 1 जनवरी से ही सभी शासकीय फाइलों को ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश प्रभावशील हैं, लेकिन राज्य शासन के संज्ञान में यह बात आई कि कुछ विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में अब भी भौतिक (फिजिकल) फाइलों के माध्यम से कार्य संपादित किया जा रहा है। शासन ने इसे डिजिटल गवर्नेंस की अवधारणा एवं राज्य की प्राथमिकताओं के विपरीत माना है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने नीतिगत निर्णय लेते हुए 1 जून से सभी विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में संपूर्ण कार्यालयीन नस्तियां केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विखं के ग्राम सगरा में आयोजित तृतीय चरण सुशासन तिहार शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल की गई। शिविर में शासन की आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके रमन द्वारा हितग्राहियों को कार्ड प्रदान करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं शिविर के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दो टीबी मरीजों दिव्यांश कुमार सिंह एवं तनगू सिंह को निक्षय पोषण आहार वितरित कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि निक्षय मित्र बनकर कोई भी सक्षम नागरिक, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी या अधिकारी टीबी मरीज को गोद लेकर छह महीने तक अपने खर्चे से पोषण आहार उपलब्ध करा सकता है।

### बिजली की आंख मिचौली जारी, लोग हो रहे परेशान

# नवतपा के पहले दिन चली धूल भरी आंधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नवतपा के पहले दिन सोमवार को तेज धूप और बादलों के बीच सूर्य की लुकाछिपी चलती रही, बावजूद इसके लोगों को तेज तपिश का सामना करना पड़ा, लेकिन बीच-बीच में सूर्य के बादलों के बीच छिप जाने के कारण थोड़ी राहत मिलती रही। इस तरह नवतपा के पहले दिन मौसम का बिगड़ा मिंजाज भी देखने को मिला।

इस दिन सुबह के समय कुछ घंटों तक तेज धूप खिला रहा, लेकिन पूर्वान्ह से ही आसमान में हल्के बादलों के बीच सूर्य ढंक जाता, इस तरह दिन में कई बार बादलों में सूर्य ढंक जाता ,तब सूर्य की झुलसाने वाली तेज किरणों से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिल रही थी, लेकिन जब धूप खिलती तो चुभने वाली रही। हालांकि इस दिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री रही, लेकिन बादलों के कारण धूप का ज्यादा असर अधिक समय तक नहीं रहा। नवतपा के पहले दिन जिस तरह से मौसम में बदलाव देखने को मिला, उसे देखकर ऐसा लगता है कि नवतपा के दौरान आने वाले समय में बारिश की संभावना बढ़ गई है।



**दोपहर बाद चली आंधी**

नवतपा के पहले दिन पूर्वान्ह से अपरान्ह तक सूर्य और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। अपरान्ह बाद जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में धूल भरी आंधी भी कुछ देर तक चली, इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिन जगहों पर बाजार लगा था, वहां आंधी के कारण परेशानी हुई, इसके अलावा आंधी के साथ कुछ जगहों पर गरज चमक भी हुई, लेकिन जिले में कहीं पर भी बारिश होने की जानकारी नहीं है।

### दोपहर में सड़कें रहीं सूनीं

मौसम में अचानक बढ़ी तपिश के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। दोपहर के समय मुख्य मार्गों पर इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए। तेज धूप और लू जैसे हालात के चलते लोगों ने जरूरी काम भी सुबह या शाम के समय निपटाना बेहतर समझा। जानकारों के अनुसार नवतपा के दौरान सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधे पड़ती हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि होती है। इस बार नवतपा की शुरूआत के साथ ही तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंचने लगा है। गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। खेतों और चौपालों में दोपहर के समय पूरी तरह सन्नाटा दिखाई दे रहा है। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी और बढ़ सकती है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री आवास कार्य में लापरवाही, दो सचिव को नोटिस




अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों की धीमी प्रगति पर जनपद पंचायत स्तर पर सख्ती शुरू हो गई है। लक्षित प्रगति नहीं मिलने पर ग्राम पंचायत करजी के सचिव तथा करजी और कटोरा के ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

25 मई को जनपद पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए. पन्ना द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक स्वीकृत आवासों की प्रगति, पूर्ण-अपूर्ण निर्माण, लंबित आवासों और जियो टैगिंग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्ष 2024 से 2026 तक कुल 13,081 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से अब तक 7,644 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 5,437 आवास अभी भी लंबित हैं। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 207 आवासों में लगभग 45 प्रतिशत आवास पूर्ण हुए हैं। सीईओ ने सभी सचिवों और रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि द्वितीय किश्त प्राप्त कर चुके आवासों को 15 जून तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। साथ ही अप्रारंभ ⏭ शेष पेज 4 पर

# स्वामी रामभद्राचार्य ने किया शबरी की भक्ति और भरत के त्याग का वर्णन

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में



आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिवस जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज ने शबरी चरित्र का मार्मिक एवं विस्तृत विवेचन किया।



कथा के दौरान उन्होंने श्रीराम कथा के दो अनमोल मोती भरत का त्याग और शबरी की प्रतीक्षा को भक्तिमार्ग की सर्वोच्च साधना बताया। कथा व्यास ने कहा कि यदि प्रभु श्रीराम को पाना है तो मन में भरत जैसा वैराग्य और शबरी जैसा धैर्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भरत ने राजमहल को तपोवन बना दिया, वहीं माता शबरी ने अपनी साधारण कुटिया में साक्षात प्रभु श्रीराम का स्वागत कर भक्ति की महान मिसाल प्रस्तुत की। आठवें दिवस कथा पंडाल पूरी तरह राममय और भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम के वनवास काल के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा स्थल पर लगातार जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। जटायु प्रसंग का उल्लेख करते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन हेतु समिति गठित

**अम्बिकापुर।** जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित किया गया है। जिसमें कलेक्टर सरगुजा अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार समिति के सदस्य आयुक्त नगर पालिक निगम, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यापालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यापालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जिला क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण सरंक्षण मंण्डल एवं उप संचालक पंचायत समिति के सदस्य होंगे।

# मानस भवन में जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ हितग्राहियों को मिली सहायता सामग्री

नगर पालिका बैकुंठपुर के मानस भवन में सोमवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से काफी संख्या में नागरिक शामिल हुए और शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया तथा संबंधित अधिकारियों को




आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय योजना, विवाह प्रोत्साहन योजना, मोटराइज्ड ट्रायसायकल पंजीयन तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा नगर पंचायत पटना की वृद्धा श्रीमती फुल कुंवारी को श्रवण यंत्र तथा ग्राम पतरापाली निवासी प्रेमबहादुर को बैसाखी प्रदान की गई। वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी का भी वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने गोदभराई रस्म में भी हिस्सा लिया। शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# पेट्रोल-डीजल बिक्री को लेकर प्रशासन सख्त

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में पेट्रोल एवं डीजल के विक्रय संबंधी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार जिले के सभी पेट्रोल एवं डीजल रिटेल आउटलेट संचालकों को केवल उपभोक्ताओं के वाहनों की टंकी में ही ईंधन विक्रय करने की अनुमति होगी। किसी भी परिस्थिति में डिब्बे, बोतल, जेरीकेन अथवा अन्य किसी पात्र में पेट्रोल या डीजल का विक्रय नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन मोटर स्पिरिट एवं उच्च वेग डीजल प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005 के अंतर्गत अप्राधिकृत विक्रय माना जाएगा तथा संबंधितों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कृषकों, जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित शासकीय कार्यों एवं अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, मोबाइल टॉवर आदि के लिए आवश्यकतानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा परीक्षण उपरांत सुरक्षा मानकों के अनुरूप पृथक अनुमति प्रदान की जा सकेगी। जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत संचालित पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं, इसके साथ ही खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं संबंधित ऑयल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### पिकअप की टक्कर से वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर बटवाही खुटापारा निवासी लाल मोहम्मद अंसारी आ. स्व. टिंकू अंसारी (61 वर्ष) 23 मई को 11 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से अकेले लुण्ड्रा तहसील जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुण्ड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईजेड 5338 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# चिरमिरी में जल्द मिलेगी डायलिसिस और सीटी स्कैन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

जिला अस्पताल चिरमिरी क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस एवं सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ होने जा रही है, जिससे किडनी रोग से पीड़ति मरीजों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इन सुविधाओं के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। जिला अस्पताल के रूप में स्थापित हुए लगभग डेढ़ वर्ष के भीतर यहां स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार विस्तार हुआ है। वर्तमान में अस्पताल में 25 चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं तथा प्रतिदिन लगभग 250 से 300 मरीज पंजीयन कराकर विभिन्न बीमारियों का इलाज करा रहे हैं। अस्पताल के सिविल सर्जन



डॉ. आरके राय ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में लगभग 65 प्रकार की रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है, इसके साथ ही 12 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 10 एमबीबीएस डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सप्ताह में दो दिन नेत्र रोग एवं चर्म रोग विशेषज्ञ भी मरीजों का उपचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले क्षेत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण महिलाओं को प्रसव के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, जिससे आर्थिक बोझ के साथ समय की भी परेशानी होती थी। अब जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित उपलब्धता से प्रतिमाह लगभग 30 से 40 प्रसव सफलतापूर्वक कराए जा रहे हैं, इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को काफी राहत मिली है। डॉ. राय ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए वर्तमान में पांच वार्ड संचालित हैं, इनमें दो पुरूष वार्ड, दो महिला वार्ड तथा एक बच्चों के लिए आरक्षित है। आने वाले समय में अस्पताल को 200 बिस्तरों तक विस्तारित करने की योजना है, इसके लिए गोदरीपारा में नए भवन का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल पूरी तरह व्यवस्थित हो जाने के बाद लगभग सभी प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं यहीं संचालित होंगी, जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों की अन्य शहरों पर निर्भरता कम होगी। ऑपरेशन थिएटर के निर्माण के बाद विभिन्न बीमारियों के ऑपरेशन भी यहीं किए जा सकेंगे। सिविल सर्जन डॉ. आरके राय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रारंभ में चिकित्सक यहां आने से कतराते थे, लेकिन क्षेत्र के लोगों का व्यवहार और यहां का वातावरण इतना बेहतर है कि जो चिकित्सक यहां आते हैं, वे अपनी सेवाएं यहीं देना चाहते हैं।

### गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

# सीमांत किसानों को एकमुश्त, बड़े किसानों को किश्तों में मिलेगी यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर खरीफ 2026 के लिए उर्वरक वितरण संबंधी राज्य शासन के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

बैठक में खाद वितरण व्यवस्था, एग्रीस्टेक पंजीयन तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि किसानों को किसी भी हालत में खाद-बीज के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, समिति प्रबंधकों तथा मार्कफेड से जुड़े अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि खाद वितरण में किसी भी



कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेती कलेक्टर।

प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि किसी प्रकार की सिफारिश या दबाव की आवश्यकता नहीं है, सभी अधिकारी शासन के नियमों के अनुसार कार्य करें। कलेक्टर श्रीमती यादव ने अधिकारियों से कड़े शब्दों में कहा कि वित्तीय गड़बड़ी, गबन या नियमों के विपरीत काम करने वाले सम्हल व सुधर जाएं होगी बड़ी कार्रवाई। कलेक्टर ने बताया कि खरीफ 2025 में किसानों को वितरित उर्वरक के आधार पर इस वर्ष यूरिया की 80 प्रतिशत तथा डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा का वितरण किया जाएगा। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक यूरिया उपलब्ध होने पर दी जाएगी, अन्यथा नैनो यूरिया के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

वहीं डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा वैकल्पिक एनपीके उर्वरक अथवा नैनो डीएपी के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को नैनो उर्वरक लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और यह पूरी तरह वैकल्पिक रहेगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन के लिए रासायनिक खाद का वितरण शुरू हो गया है। किसानों को उनके पंजीकृत रकबे के अनुसार ही खाद दी जाएगी और उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए पॉस मशीन से वितरण अनिवार्य किया गया है।

⏭ शेष पेज 4 पर

# ग्रीन आर्मी फोर्स ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां ग्रीन आर्मी फोर्स के तत्वावधान में कर्मराज शर्मा की सुपुत्री अनुष्का शर्मा का जन्मदिन पौधरोपण कर उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में परिवारजन, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अनुष्का ने अपने हाथों से पौधा लगाकर प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों पर पौधरोपण करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ



एवं हराभरा वातावरण मिल सके। पौधरोपण अभियान में बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के बाद सभी ने पौधों की देखभाल करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी फोर्स के सदस्यों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति जागरूक करना है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा 40 फीट गहरी खाई में पलटा, चालक गंभीर

**रामानुजगंज।** अम्बिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 स्थित दलधोवा घाट पर एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 40 फीट गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। रविवार को तड़के 5 बजे ग्राम त्रिकुण्डा निवासी चालक मो.असलम हाइवा में गिट्टी लोडकर तेज रफ्तार से जा रहा था। धलधोवाघाट की घुमावदार सड़क पर तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 30 ए 0122 अनियंत्रित हो गया तथा सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। पेड़ से टकराने के बाद अनियंत्रित हाइवा 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि हाइवा के आगे के दोनों चक्के खुलकर अलग हो गए थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से घायल चालक को हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने घायल चालक को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बलरामपुर भेजा जहां उसका उपचार चल रहा है। बलरामपुर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। घायल चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कार की टक्कर से मजदूर की गई जान

**अम्बिकापुर।** रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी दिलू नागेश आ. हरि भजन (27 वर्ष) मजदूरी करने का काम करता था। 23 मई की शाम मजदूरी कर पैदल घर जा रहा था। मजदूर जैसे ही सरना पारा लुण्ड्रा रोड सरकारी अस्पताल के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीई 9026 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी राम विलास आ. बुधलाल (22 वर्ष) 17 मई की सुबह अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इसी बीच परिजन ने बेहतर उपचार के लिए युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी कराकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 22 मई को चिकित्सकों ने युवक की हालत में सुधार नहीं होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन रायपुर ले जाने के बजाय घर लेकर चले गए। आज सुबह युवक की तबीयत बिगड़ जाने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि युवक का 20 अप्रैल को ही शादी हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सिलफिली स्थित एनएच सड़क हादसे में मृत किशोर की हुई शिनाख्त

**बिश्रामपुर।** एनएच-43 में शनिवार की दोपहर सिलफिली स्थित आकाशवाणी अंबिकापुर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृत बाइक सवार नाबालिग किशोर की पहचान हो गई है। मृतक की शिनाख्त 15 वर्षीय शीतल पासवान पिता सरवन पासवान, मूल निवासी अमहर थाना विशुनपुरा जिला गढ़वा (झारखंड), हाल मुकाम मठपारा मणिपुर अंबिकापुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किशोर शीतल पासवान शनिवार को अपने परिचित की बाइक क्रमांक सीजी 06 पीए 2566 से निजी कार्य से बिश्रामपुर आया था। काम समाप्त कर वह दोपहर करीब डेढ़ बजे अंबिकापुर लौट रहा था। इसी दौरान सिलफिली के पास अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि चार पहिया वाहन का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे हेलमेट सहित उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। गंभीर स्थिति के कारण मृतक की पहचान करने में भी काफी दिक्कत हुई। घटना के दूसरे दिन किशोर की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजन को सौंप दिया। परिजन के अनुसार किशोर शीतल पिछले कई वर्षों से अंबिकापुर के गुदरी बाजार में परिवार के साथ सब्जी कारोबार से जुड़ा हुआ था।

## व्यावसाइयों को जारी किया गया निर्देश

# उर्वरकों के विक्रय को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रासायनिक उर्वरकों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने प्रशासन सख्ती बरत रहा है। अधिकारी खाद व्यापारियों के विक्रय की नियमित निगरानी भी कर रहे हैं। सहकारी समितियों एवं व्यवसायियों के गोदाम में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है लेकिन किसान अभी उर्वरकों के उठाव में रूचि नहीं ले रहे है।

**खास बातें**
- विक्रय का रखना होगा पूरा हिसाब
- समितियों में पर्याप्त खाद

किसानों की सुविधा के लिए शासन हर साल समितियों के माध्यम से यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों को उपलब्ध कराता है। इस बार भी समितियों में अप्रैल माह में ही उर्वरकों का भण्डारण किया गया है। ऐन समय पर किसानों को परेशानी न हो इसलिए बिना ब्याज किसानों को उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की भी सुविधा दी गई है लेकिन किसान उर्वरकों के अग्रिम उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। सरगुजा में खरीफ फसलों की बुनाई रोपाई शुरू होने के साथ ही किसान उर्वरकों का उठाव करते है जिससे एक साथ किसानों की भीड़ जुटने के कारण हर साल मारामारी की स्थिति निर्मित होती है। समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में भण्डारण की सुविधा नहीं होने के कारण कई बार यूरिया, डीएपी आदि का स्टॉक खत्म होने के कारण परेशानी भी होती है। अमेरिका-इरान युद्ध के कारण पूर्व से ही उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि होने एवं उर्वरकों की आपूर्ति बाधित होने का भी अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन अभी न तो आपूर्ति प्रभावित हुई है न ही कीमतों में ही वृद्धि हुई है। अभी उर्वरकों को अधिक कीमत पर बेचने की भी शिकायतें नहीं है। भविष्य में भी उर्वरकों की आपूर्ति सुचारू रहे इसलिए प्रशासन उर्वरक व्यवसाइयों के भण्डारण एवं प्रतिदिन के विक्रय पर नजर रख रहा है। व्यापारियों को उर्वरकों के विक्रय के लिए निर्देश भी जारी किया है। प्रशासन की सख्ती से खाद व्यवसायियों में हड़कंप है।

### समितियों में लक्ष्य का 49 फीसदी खाद

शासन द्वारा इस बार भी जिला के लिए उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरगुजा के लिए 10 हजार टन यूरिया, 1850 टन सुपर फास्फेट, 5 हजार टन इफ्को, 5250 टन डीएपी, 1200 टन पोटास सहित अन्य उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में सरगुजा की समितियों में 2117 टन यूरिया, 105 टन सुपर फास्फेट, 100 टन इफ्को, 931 टन डीएपी, 1820 टन पोटास उपलब्ध है। सूरजपुर एवं बलरामपुर की समितियों में भी पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। अभी तक सरगुजा के किसानों ने मात्र 77.32 टन यूरिया, 33.65 टन इफ्को, 47.7 टन डीएपी का उठाव किया है। समितियों में 266.50 रूपए बोरी यूरिया, 1350 रूपए डीएपी, 1750 रूपए एनपीके, 652 रूपए बोरी सुपर फास्फेट निर्धारित है। व्यवसायी भी शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का विक्रय कर रहे हैं। शेष बचे उर्वरकों की पूर्ति के लिए रैक पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारी निकट भविष्य में उर्वरकों की रैक पहुंचने की बात कह रहे हैं।

### प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया

खरीफ खेती के लिए यूरिया की भारी मांग होती है तथा एक साथ किसानों की भीड़ उर्वरक लेने के लिए पहुंचते है। इसी दौरान उर्वरकों के लिए मारामारी मचती है। इस बार यूरिया की मांग को नियंत्रित करने कृषि विभाग ने व्यवसाइयों को किसान के खसरा व बी-1 के अनुसार प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया के साथ अन्य वैकल्पिक उर्वरकों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद का बीज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ने के कारण खेतों की उर्वरा क्षमता प्रभावित हो रही है। उर्वरकों का विकल्प उपलब्ध होने से उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी तथा किसान जैविक खेती की ओर बढ़ेंगे। प्रशासन की इस पहल को अच्छा माना जा रहा है।

### गांव-गांव में दुकानें

सरगुजा में खरीफ सीजन में गांव-गांव में उर्वरकों की कालाबाजारी होती है तथा बड़ी संख्या में कोचिए खाद एवं हाइब्रिड बीजों का विक्रय कर किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हैं। कोचिए समय पूर्व खाद व्यवसाइयों से उर्वकर खरीदकर भंडारण कर लेते हैं। प्रशासन शहरी क्षेत्र के व्यवसाइयों पर तो नजर रखता है लेकिन कोचियों पर कार्रवाई नहीं हो पाती।

### समितियों में पर्याप्त खाद

समितियों में सभी किस्म के पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को उर्वरकों के अग्रिम उठाव के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। किसान अग्रिम उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी, सहकारी केंद्रीय बैंक

*अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समिति के अध्यक्ष अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं समिति के सदस्य सचिव विनय अग्रवाल के निर्देशन में जिले में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण एवं संरक्षण अभियान के दौरान सीतापुर विकासखंड के रजपुरी गांव से चार पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। पांडुलिपियां होने जानकारी पर सर्वेयर शिक्षक सुशील मिश्र और तकनीकी सहायक मुजफ्फर हुसैन संरक्षक परिवार से मिले।



# विद्युत एवं पेयजल समस्या से जूझ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतवा लम्बे समय से मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बदहाल होने के कारण स्वास्थ्य अमले को स्ट्रीट लाइट की रोशनी में प्रसव कराना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में पानी की भी व्यवस्था नहीं है जिससे मरीज एवं स्वास्थ्यकर्मी भीषण जल संकट से जूझ रहे है।

- लम्बे समय से विद्युत आपूर्ति ठप, हैण्डपंप भी खराब

शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम छतवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र पर ग्राम छतवा, इंदरपुर, चिनिया एवं हरिहरपुर की 6 हजार से अधिक आबादी निर्भर है। स्वास्थ्य अमला पूरी जिम्मेदारी के साथ क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है जिसके कारण हर दिन 500 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में भवन एवं अन्य संसाधन तो उपलब्ध है लेकिन बिजली एवं पानी की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को लम्बे अर्से से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा ग्राम छतवा में विद्युत विस्तार किया गया है लेकिन एकमात्र सिंगल फेस ट्रांसफार्मर होने के कारण कभी भी ट्रांसफार्मर जवाब दे देता है और पूरे गांव के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की भी आपूर्ति बंद हो जाती है। पिछले एक पखवाड़े से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र की विद्युत आपूर्ति ठप है। ऐसे में रात में प्रसव के लिए स्वास्थ्य अमले को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्रेडा द्वारा पास में ही सोलर लाइट लगाई गई है। रात में स्वास्थ्यकर्मी बाहर लगे सोलर लाइट की रोशनी में प्रसव कराते हैं। भीषण गर्मी में पंखा बंद होने के कारण स्वास्थ्य अमला पसीने से लथपथ होकर अपनी सेवाएं देता है। मरीजों को भी गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र के पास लगा हैण्डपंप भी पिछले एक पखवाड़े से बंद है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को भटकना पड़ रहा है। स्वास्थ्यकर्मी बस्ती के हैण्डपंप से अपने पीने के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं लेकिन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सीएचओ ललिता सिंह ने बताया कि विद्युत एवं पानी के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। मरीजों को भी काफी परेशानी हो रही है।

# चुनावी जीत के दावे को लेकर हुए विवाद के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को दिखाया खुखरी-फरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनावी हार जीत के अपने अपने दावे की बातों के दौरान उपजे विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं फरसा खुखरी हथियार दिखाकर डराने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष सूरजपुर मुरली मनोहर सोनी ने थाना बिश्रामपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

- कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज

दर्ज शिकायत अनुसार 23 मई शनिवार की रात करीब 8 बजे भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पांडेय, मुकेश साहू उर्फ छोटू, कृष्ण गोयल बल्लु, दीपेन्द्र चौहान, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप सोनी समेत अन्य कार्यकर्ता वार्ड क्रमांक 11 में चुनाव प्रचार कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड समीप मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने शिवनंदनपुर निवासी कांग्रेस के नरेंद्र जैन से उनका सामना हुआ। आरोप है कि कांग्रेस सूरजपुर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी जीत के दावे को लेकर आवेश में आते हुए अभद्र व्यवहार कर मां-बहन की गालियां दीं तथा बड़े आकार के धारदार हथियार खुखरी फरसा निकालते हुए जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया एवं अन्य वार्ड में ले जाकर भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पाण्डेय को जान से मारने की धमकी दी। भाजपा सूरजपुर जिलाध्यक्ष व प्रार्थी मुरली मनोहर सोनी ने घटना को जानबूझकर चुनावी माहौल बिगाड़ने की कोशिश बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आशंका जताई गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चुनाव के दौरान अन्य किसी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने प्रार्थी मुरली मनोहर सोनी की रिपोर्ट पर शनिवार की देर रात धारा 296, 351(3) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट की आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### भाजपा प्रत्याशी की बढ़ती लोकप्रियता कांग्रेस से नहीं हो रही हजम : मुरली

देर रात भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवाद, गाली-गलौज और हथियार लहराने की घटना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने उक्त घटना को भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार से रोकने, डराने का माहौल बनाने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव को लेकर हर वर्ग में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस को लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास रखते हुए जनता को निर्भीक होकर मतदान करने देना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में बन रहे माहौल से कांग्रेस हतोत्साहित हो गई है जिसके कारण कांग्रेस समर्थक बौखलाहट में अमर्यादित हरकतों और गाली-गलौज व हथियार के साथ मारपीट पर उतर हैं।

### कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से फर्जी प्रकरण में फंसाने का लगाया आरोप

शनिवार की देर रात अपराध दर्ज होने पश्चात कांग्रेस सूरजपुर जिलाध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में अगले दिन रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर बिश्रामपुर पुलिस व एसडीओपी सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच करा फर्जी प्रकरण को समाप्त करने की मांग की है। सौंपे गये गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चुनावी प्रतिस्पर्धा के कारण जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन को एक रणनीति के तहत फर्जी प्रकरण तैयार कर फंसाया गया है तथा भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पाण्डेय पर जानबूझकर चुनावी प्रचार दौरान उकसाने का आरोप भी लगाया है। ज्ञापन की सुनवाई नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में बिश्रामपुर थाना घेराव करने की बात कही है, रविवार को ज्ञापन सौंपने दौरान कांग्रेस के सुभाष गोयल, रमेश दनौदिया, रामलाल सोनी, पवन अग्रवाल, चन्दन सिंह, विकास सिंह, छंदा श्री, मेहंदी यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित भव्य गंगा आरती की तैयारियां जोरों पर

**रामानुजगंज।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर उत्तर दिशा में बहने वाली कनहर नदी के तट पर आयोजित होने वाले भव्य गंगा आरती को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस वर्ष आयोजन को विशेष रूप देने के लिए नगर पालिका प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मां महामाया मंदिर स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयोजन की तैयारियों को लेकर मौके पर विस्तृत चर्चा की गई तथा



आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आयोजन की विशेष बात यह होगी कि काशी से आए ब्राह्मणों की टोली द्वारा बनारस के प्रसिद्ध अस्सी घाट की तर्ज पर भव्य गंगा आरती की जाएगी। इसके लिए घाट परिसर को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ-साथ विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, रंग-बिरंगी सजावट एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। नगर के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने स्वयं घाट पहुंचकर साफ-सफाई अभियान चलाया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। गंगा दशहरा के अवसर पर होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस दौरान पार्षद विजय रावत, अर्जुन दास, सुमित गुप्ता, विकास दुबे, अजय गुप्ता, अजय केसरी, बेचू प्रजापति, पिंटू दास, अनूप कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, विनोद केसरी, अशोक कश्यप, विशाल मिश्रा, संतोष व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए जिले के भाजपा पदाधिकारी

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 22 एवं 23 मई को अंबिकापुर स्थित होटल रिदम गार्डन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से आए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



प्रशिक्षण वर्ग जिला एवं वर्ग प्रभारी ओम प्रकाश सिंहा के निर्देशन तथा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की कार्य पद्धति, भाजपा की विचारधारा, सेवा, संगठन विस्तार, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों में ऊर्जा एवं अनुशासन का वातावरण बना रहा। उद्घाटन सत्र में अखिलेश सोनी, शिवनाथ यादव, अवधेश चंदेल, रामविचार नेताम, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा एवं श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में चिंतामणि महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं अंतिम सत्र के वक्ता के रूप में अंबिकेश केसरी एवं प्रिक्षणार्थी के रूप में मुख्य रूप से गोपाल कृष्ण मिश्रा, श्रीमती हीरामुनि निकुंज, धीरज सिंहदेव, लोधी राम एक्का, रमण अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के संयोजन एवं मंच संचालन का दायित्व जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित द्वारा प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से निभाया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रदेश द्वारा नियुक्त सभी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण वर्ग संबंधित अभिमत एवं सभी प्रशिक्षनार्थी का उपस्थिति लेने का दायित्व जिला कार्यालय मंत्री अजय गुप्ता द्वारा कुशलता पूर्वक निभाया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संजय सिंह, आनंद जायसवाल, बलवंत सिंह, अजीत सिंह, दीनानाथ यादव, गौतम सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, दिलीप सोनी, मंगलम पांडे, प्रमोद गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, अज्जू गुप्ता एवं व व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाला से हटाई गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स की बोतलें

रामानुजगंज। नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित फकिरवा नाला में बड़ी मात्रा में फेंकी गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स और फैली गंदगी का मामला संज्ञान में आने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। क्षेत्र में फैल रही दुर्गंध और गंदगी को देखते हुए नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची और नाले की साफ-सफाई कराई गई। नगरपालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के निर्देश पर सीएमओ सुधीर कुमार स्वच्छता दीदी की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों को तत्काल नाले से एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स की बोतल हटाने और पूरे क्षेत्र की सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई कर गंदगी हटाई गई, जिससे आसपास के लोगों को राहत मिली। फकिरवा नाला से होकर पुरानडीह सहित आसपास के कई गांवों का संपर्क रामानुजगंज नगर से जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ऐसे में नाले में फेंकी गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ पशुओं और लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ रहा था। सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि नाले से हटाई गई प्लास्टिक की बोतलों का पुनः उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएं इन बोतलों से उपयोगी और आकर्षक सामग्री तैयार करेंगी, जिन्हें बाजार में बेचकर आय का साधन बनाया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा घुसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




शहर में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर झाड़ियों में चली गई। घटना के दौरान कार में यवक युवती सवार थे। गनीमत रही की कार सवारों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। इधर इस हादसे का एक कारण सड़क पर बेतरतीब निर्माण सामग्री और भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग को भी बताया जा रहा है। भारी वाहनों के प्रवेश से लोगों में रोष का माहौल है। इसके साथ ही लोगों द्वारा निर्माण सामग्री को सड़क पर गिराकर छोड़ दिया गया है जो दुर्घटना को न्यौता दे रहे है।

- बेतरतीब पार्किंग और भारी वाहनों के प्रवेश से भी बढ़ी परेशानी, लोगों में नाराजगी

बताया जा रहा है कि रविवार की शाम घुटरापारा में बाकी डेम की तरफ से एक तेज रफ्तार कार चांदनी चौक की तरफ जा रही थी। इस दौरन चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे सड़क व नाली को पार करते हुए खेत व झाड़ियों में चली गई। इस दौरान कार में एक युवक और युवती सवार थे जो घटना में बाल बाल बच गए। घटना के बाद दोनों कार छोड़कर फरार हो गए। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार के साथ ही दुर्घटना का प्रमुख कारण भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग है। सड़क पर जगह जगह ट्रक, ट्रैक्टर के साथ ही छोटा हाथी, पिकअप जैसे वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। ट्रकों से सामान उतारने के दौरान भी घंटों व्यवस्था बाधित रहती है। इसके साथ ही माल वाहक वाहन बेतरतीब तरीके से वाहन चलाते है। यही वजह है कि शुक्रवार को एक छोटा हाथी वाहन चालक की लापरवाही से बाइक स्वर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ट्रक की लापरवाही से लगी आग

चांदनी चौक से घुटरापारा रोड पर भारी वाहनों का उत्पात भी जारी है। क्षेत्र शनिवार को विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के समीप एक ओवर लोड ट्रक ने विद्युत पोल को टक्कर मार दिया और तार में उसका उपरी हिस्सा फंस गया। इस दौरान हाईटेंशन तार से चिंगारी निकलने लगी जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक खपरैल घर में भी शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। गनीमत रही की समय रहते स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन घटना से लोगों में आक्रोश का माहौल है।


### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पत्नी व बच्चों को ससुराल में छोड़कर अकेले घर लौट रहे बाइक सवार को उदारी जंगल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरगीडीह निवासी रोहित राम पैकरा आ. दिलबर राम (28 वर्ष) 23 मई को पत्नी व बच्चों को अपने ससुराल ग्राम परसा में छोड़कर अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार उदारी जंगल में पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


# बेटे ने जमीन में बंटवारा मांगा तो पिता ने टांगी से किया प्राणघातक हमला

**लखनपुर।** ग्राम गुमगरा कला में रविवार को जमीन में बंटवारा मांगने को लेकर पिता ने अपने ही बेटे पर टांगी से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुमगरा कला निवासी चंद्रिका सिंह टेकाम (56 वर्ष) रविवार को पिता जगदीश प्रसाद टेकाम से जमीन का बटवारा करने की मांग रहा था। इसी बीच बटवारा की बात कहने से पिता व बेटा के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता काफी आक्रोशित हो गया और अपने ही बेटे के सिर में टांगी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। मारपीट से बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना को देख परिजन तत्काल घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। टांगी के



हमले से घायल चंद्रिका के सर में 20 टांके लगाए गए। इधर परिजन ने घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी है। परिजन का आरोप है कि जगदीश प्रसाद ने पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से एक पुत्र और एक पुत्री है और दूसरी पत्नी से पांच पुत्री एक पुत्र है। जब भी पहले पत्नी के पुत्र चंद्रिका टेकाम जमीन बंटवारा करने की बात करता तो उसके पिता ने उसके साथ मारपीट करते हुए जमीन बंटवारा करने से मना कर देता। पूर्व में चार बार पिता द्वारा अपने बेटे के साथ मारपीट किया गया है।



# दिवाली से एक हफ्ते पहले आ सकती है रामायणम

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' के मेकर्स ने एक मास्टरस्ट्रोक चला है। खबर है कि यह फिल्म अब दिवाली से एक हफ्ते पहले रिलीज हो सकती है। 30 अक्टूबर के आसपास यह सिनेमाघरों में आ सकती है। इसका कारण भी सामने आया है। वहीं, 450 करोड़ की ओटीटी डील भी चर्चा में है। नमित मल्होत्रा की 4,000 हजार करोड़ी 'रामायणम' जहां एक तरफ अपनी मोटी ओटीटी डील के कारण सुर्खियों में है, वहीं, दूसरी ओर अब इसे दिवाली से पहले रिलीज किए जाने की खबरें आ रही हैं। 'रामायणमः पार्ट 1' दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को रिलीज होनी थी, पर अब कहा जा रहा है कि मेकर्स इसे एक हफ्ते पहले रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं।

लाइफ Style

# रंजना

## कान के अनुभव को बताया गर्व का पल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वागले की दुनिया फेम दिग्गज अभिनेता अंजन श्रीवास्तव की बेटी और थिएटर कलाकार रंजना अंजन इन दिनों अपनी पहली फिल्म चांद तारा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च हुआ।

फिल्म में रंजना, 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार तारामती का किरदार निभा रही हैं। रंजना ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, 'तारामती एक ऐतिहासिक किरदार हैं। वह कुतुब शाही दौर की 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार थीं। जो अब्दुल्ला कुतुब शाह के दरबार से जुड़ी थीं। उनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। इसलिए उनके स्वभाव, सोच और पर्सनालिटी को समझने के लिए मुझे काफी हद तक अपने डायरेक्टर की दृष्टि और उनकी समझ पर भरोसा करना पड़ा।' जो चीज मुझे उनसे सबसे ज्यादा जोड़ती है, वो उनकी इमोशंस हैं। समय चाहे कोई भी हो, इंसान के इमोशंस नहीं बदलते। वर्षों तक मंच पर काम करते हुए जो अनुभव और सीख मिली, वही मुझे यहां तक लेकर आई। कान जैसे बड़े मंच पर अपनी पहली फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते देखना मेरे लिए बहुत इमोशनल और गर्व का पल था। एक पल के लिए लगा कि वर्षों की मेहनत का फल मिला है। लेकिन, दिल में आज भी यही लगता है कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक नई और खूबसूरत शुरुआत है।' रंजना ने अपने पिता अंजन श्रीवास्तव से मिली सीख के बारे में भी बात की।



हॉलीवुड मसाला



# फाइनल चैप्टर की ओर एमिली

**दिल्ली।** 'एमिली इन पेरिस' ने अपने छठे और फाइनल सीजन की घोषणा कर दी है। एक पोस्ट के साथ मेकर्स ने तय किया कि आने वाला सीजन शो का आखिरी और फाइनल सीजन होगा। 21 मई को फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू हुई और निर्माताओं ने ग्रीस से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसका एलान किया। ऑनलाइन वायरल हो रही तस्वीरों में कई कलाकार खूबसूरत सेट पर पहुंचते नजर आए, जहां उन्होंने इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज के आखिरी चैप्टर की शूटिंग शुरू की।



# सिंगर दुआ ने दिग्गज टेक कंपनी पर ठोंका मुकदमा

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर दुआ लिपा ने इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दिग्गज कंपनी पर केस ठोंका है। मामला सिंगर की एक तस्वीर के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा है। दुआ लीपा ने कंपनी के खिलाफ लीगल एक्शन लेते हुए हर्जाने में करोड़ों रुपये मांगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'सिंगर दुआ लीपा ने टेक कंपनी सैमसंग पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपए) का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के टीवी की पैकेजिंग पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया'। शिकायत के अनुसार, दुआ लीपा ने दावा किया कि 2024 में ऑस्टिन सिटी लिमिट्स म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान ली गई उनकी एक बैकस्टेज तस्वीर का इस्तेमाल, 2025 से शुरू होने वाले सैमसंग टेलीविजन के कई मॉडलों की पैकेजिंग पर किया गया।



# एलियन थ्रिलर समुक में आएंगे नजर...

**नई दिल्ली।** भूत बंगला की कामयाबी के बाद अब अक्षय कुमार एक और थ्रिलर फिल्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने की तैयारी में हैं। खिलाड़ी कुमार की नई फिल्म आ रही है जो एलियन एक्शन थ्रिलर समुक है। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म समुक भारत की पहली बड़े स्तर की एलियन थ्रिलर बताई जा रही है। फिल्म का निर्देशन सनक, इनसाइड एज और ग्लोरी जैसे प्रोजेक्ट्स बना चुके कनिष्क वर्मा करने वाले हैं, जबकि फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने समुक का हिस्सा बनने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, "हां मैंने यह फिल्म साइन की है। समुक की कहानी और विषय मुझे बेहद दिलचस्प लगे। एलियन थ्रिलर मेरे लिए और हमारी फिल्मों के लिए बिल्कुल नया जॉनर है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं।



# डेविड लेंगे संन्यास करण हुए भावुक...

**नई दिल्ली।** डेविड धवन ने 6 साल बाद फिल्मों में बतौर निर्देशक वापसी की, लेकिन अब वह संन्यास लेने का मन बना चुके हैं और अपनी आखिरी फिल्म के बाद रिटायरमेंट की अनाउंस करने की योजना बना रहे हैं। इस बात का खुलासा करण जौहर ने किया है। करण ने बताया है कि डेविड ने उन्हें बताया है कि वह जल्द ही संन्यास लेने वाले हैं। करण, डेविड के रिटायरमेंट की बात पता चलने पर भावुक हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कहा, 'कल जब मैं डेविड जी के सेलिब्रेशन में गया और उन्होंने मुझे बताया कि यह उनकी आखिरी फिल्म आने वाली है। तो मेरे दिल में एक मिली-जुली सी भावना उमड़ पड़ी। सोचिए, यह एक ऐसे फिल्ममेकर हैं जो फिल्मों की एक पूरी की पूरी नई शैली बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

टीवी मसाला




# पहले ही टास्क में मजबूत खिलाड़ी का एविक्शन पक्का!

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शुरुआत हो गई है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में खतरनाक खेल में एक कंटेस्टेंट की बली चढ़ने वाली है। रोहित शेट्टी होस्टेड खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में इस बार पुराने खिलाड़ी भी खतरों से खेलने लौटे हैं। शो में खतरनाक गेम शुरू हो गया है और पहले टास्क में दो खिलाड़ी सेफ हो गए हैं, जबकि दो को फियर फंदा में डाला गया है। इसका मतलब है कि फियर फंदा में पहुंचने वाले दो कंटेस्टेंट्स में से कोई एक अब घर वापसी करने जा रहा है। शो से जुड़े बड़े अपडेट्स आए हैं, जो आपकी दिलतस्पी को और भी बढ़ा देगा। खतरों के खिलाड़ी 15 से जुड़े अपडेट्स देने वाले एक इंस्टाग्राम पेज ने बताया है कि शो का पहला टास्क कंप्लीट हो गया है। केप टाउन में हुए इस खतरनाक गेम में दो खिलाड़ियों ने बाजी मार ली और वह हैं बिग बॉस सीजन 19 के विनर गौरव खन्ना और फर्स्ट रनर-अप फरहाना भट्ट है। जी हां, खबरों की मानें तो दोनों खिलाड़ी पहले टास्क में सेफ हो चुके हैं। बाकी दो कंटेस्टेंट्स पर एलिमिनेशन की तलवार लटक रही है। पहले टास्क में सही परफॉर्मेंस न करने के बाद उन्हें फियर फंदा मिला है। यह कंटेस्टेंट्स हैं ओरी और ऋत्विक धनजानी हैं। कहा जा रहा है कि दोनों फियर फंदा में हैं। दोनों में से कोई भी फियर फंदा टास्क हारा तो वह एलिमिनेट हो जाएगा। इस सीजन में नए खिलाड़ियों के साथ पुराने कंटेस्टेंट्स को भी लिया गया है। शो में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ओटीटी पर छाया पुरानी मूवी का नया वर्जन

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अक्सर एक न एक नई फिल्म या वेब सीरीज ट्रेंडिंग में बनी रहती है। लेकिन हैरानी तब होती है, जब कोई पुराना थ्रिलर ओटीटी पर धमाल मचा रहा होता है। इस मामले में एक 6 महीने पुरानी फिल्म का नया वर्जन हाल ही में ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया है, जो आते ही ऑडियंस की पहली पसंद बन गया है। आलम ये है कि अब ये फिल्म ओटीटी पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है और पूरे इंडिया में फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रही है। हाल ही में रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर पार्ट-1 का रॉ और अनदेखा वर्जन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। ओटीटी पर आते ही धुरंधर के इस नए वर्जन ने अपना कमाल दिखाना शुरू कर दिया है और ये मूवी फिलहाल नेटफ्लिक्स पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है।



# कान का हुआ समापन, अवॉर्ड के मामले में खाली रही भारत की झोली

**मुंबई।** शनिवार देर रात कान फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया। आखिरी दिन इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का ग्लैमरस लुक सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया। लेकिन अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली खाली ही रही। ऐश्वर्या राय हर साल कान फेस्टिवल के आखिरी दिनों में रेड कारपेट पर नजर आती हैं और सारी लाइमलाइट लूट लेती हैं। शनिवार देर रात ऐश्चर्या राय का कान फेस्टिवल से लास्ट लुक सामने आया। यह लुक अब सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऐश्वर्या राय व्हाइट पैंटसूट में रेड कारपेट पर छा गईं। एक तरफ जहां उनकी वजह से कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर भारत का जलवा देखने को मिला, वहीं अवॉर्ड के मामले में निराशा ही हाथ लगी। कान फेस्टिवल के आखिरी दिन ऐश्वर्या राय ने व्हाइट पैंटसूट के साथ एक फेदर लेस वाला बोआ स्कार्फ टीमअप किया था। इससे उनका लुक और भी खूबसूरत नजर आने लगा। पैंटसूट के साथ ऐश्वर्या ने डायमंड रिंग पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया था। फैंस ने भी ऐश्वर्या के इस लुक को खूब पसंद है, उन्हें कान फेस्टिवल की क्वीन कह दिया है। इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में कुछ भारतीय फिल्मों का प्रीमियर भी हुआ, इस लिस्ट में अम्मा अरियन, बालनः द बॉय, चर्डीकला, 21 सितंबर, शैडोज ऑफ द मूनलेस नाइट और स्पिरिट ऑफ द वाइल्डफ्लावर शामिल रहीं। अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली कान फिल्म फेस्टिवल में खाली ही रहीं।



# एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं फिल्म जगत के ये भाई

**मुंबई।** भाई एक ऐसा रिश्ता है, जिसके होने से एक भरोसा मजबूत होता है कि कोई संभाल लेगा। मन की जो बातें किसी दोस्त या रिश्तेदार से शेयर करने में सहज न हों, उन्हें भाई-बहन आपस में शेयर कर लेते हैं। इमोशनली इंसान थोड़ा और मजबूत होता है। तभी तो भाई के रिश्ते को सबसे खास, मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते में गिना जाता है। हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे ही भाइयों से रूबरू करा रहे हैं।





### भाई-बहनों पर जान छिड़कते हैं भाईजान

सलमान खान को यूं तो बॉलीवुड में भाईजान कहा जाता है। वे जिसे अपना मान लें और कोई उन्हें भाई कह दे तो फिर वे अपने सगे भाई की तरह उससे रिश्ता निभाते हैं। अपने घर में भी वे बड़े भाई की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। छोटे भाइयों- अरबाज खान और सोहेल खान के लिए वे आधी रात भी मदद को तैयार रहते हैं। सिर्फ भाई ही नहीं, दोनों बहनों-अलवीरा और अर्पिता खान शर्मा के साथ भी उनकी गजब बॉन्डिंग है।

### देओल ब्रदर्स

सनी देओल और बॉबी देओल के बीच गजब की बॉन्डिंग है। दोनों के रिश्ते में प्यार और अपनेपन के साथ-साथ सम्मान और बड़े-छोटे का लिहाज भी देखने को मिलता है। बॉबी देओल कई इंटरव्यू में खुलकर यह बात कह चुके हैं कि उनके भैया सनी देओल ने उन्हें कितना सपोर्ट किया है। अक्सर वे अपने बडे भाई और परिवार के बारे में बात करते हुए इमोशनल हो जाते हैं।

### खुराना भाई

आयुष्मान खुराना और अपारशक्ति खुराना के बीच भी कुछ ऐसा ही प्यार देखने को मिलता है। दोनों भाई इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। भाई का रिश्ता होने के साथ-साथ दोनों के बीच एक दोस्ती भी देखी जाती है।

### कौशल ब्रदर्स

अभिनेता विक्की की अपने छोटे भाई सनी कौशल के साथ शानदार बॉन्डिंग है। दोनों के बीच भाइयों वाला प्यार और अपनापन है और साथ ही दोस्ती भी है।

## 32 साल तक नहीं टूटा रिकॉर्ड, मात्र 2 लाख के बजट में कमाए 1 करोड़

# 3 साल थिएटर्स से नहीं हटी थी 80 साल पुरानी फिल्म

*नई दिल्ली। 80 साल पहले बड़े पर्दे पर एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई जिसका रिकॉर्ड कोई भी फिल्म 32 साल तक नहीं तोड़ पाई। ये फिल्म 3 साल तक थिएटर में टिकी रही। इस फिल्म को बनाने में सिर्फ 2 लाख की लागत आई थी, लेकिन इसकी कमाई 1 करोड़ से भी ज्यादा थी। 1940 का दशक वह दौर था जब पूरा विश्व और भारत द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका तथा स्वतंत्रता संग्राम की हलचलों से गुजर रहा था। इसी कठिन समय में साल 1943 में एक ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसने देश के दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। उस जमाने में फिल्मों का हफ्तों तक चलना ही बड़ी बात होती थी, लेकिन इस फिल्म ने कामयाबी के सारे पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। थिएटरों के बाहर टिकटों के लिए मीलों लंबी लाइनें लगती थीं और हर शो पूरी तरह हाउसफुल रहता था। लोग एक ही फिल्म को बार-बार देखने सिनेमाघर पहुंच रहे थे। इसी अभूतपूर्व दीवानगी की वजह से इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली 'ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर' फिल्म का दर्जा मिला। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक फिल्म 'किस्मत' की।*



### बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई

उस दौर में अधिकांश फिल्मों का ताना-बाना एक जैसे विषयों के इर्द-गिर्द बुना जाता था, लेकिन 'किस्मत' ने एक बेहद अनोखी और साहसी कहानी पेश की। प्रतिष्ठित फिल्म निर्माण कंपनी 'बॉम्बे टॉकीज' के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन ज्ञान मुखर्जी ने किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि यह फिल्म बेहद सीमित संसाधनों और मात्र 2 लाख रुपए के मामूली बजट में तैयार की गई थी, लेकिन जब यह रिलीज हुई तो इसकी सफलता ने फिल्म समीक्षकों और निर्माताओं को चौंका दिया। उस दौर में करोड़ों की कमाई का सपना देखना भी नामुमकिन था, लेकिन 'किस्मत' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने साफ कर दिया कि यदि कहानी में दम हो तो बजट मायने नहीं रखता।

### हिंदी सिनेमा के पहले असली सुपरस्टार

इस फिल्म की अपार सफलता ने मुख्य अभिनेता अशोक कुमार को रातों-रात लोकप्रियता के उस शिखर पर पहुंचा दिया, जहां उनसे पहले कोई नहीं पहुंचा था। 'किस्मत' के बाद उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला 'सुपरस्टार' कहा जाने लगा। फिल्म में उनके साथ मशहूर अभिनेत्री मुमताज शांति नजर आई थीं। अशोक कुमार ने फिल्म में एक ऐसे चोर का किरदार निभाया था, जो अंदर से साफ दिल का है। उस दौर के सिनेमा के लिए यह एक बिल्कुल नया और बोल्ड प्रयोग था। दर्शक उनके इस स्टाइलिश अंदाज और अभिनय के इस कदर मुरीद हुए कि सिनेमाघरों में उनके दृश्यों पर जमकर तालियां और सीटियां बजती थीं।

### बोल्ड विषय और अमर देशभक्ति गीत

'किस्मत' की कहानी अपने समय से काफी आगे मानी गई थी। फिल्म में बिना शादी के एक युवती के गर्भवती होने जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर मुद्दे को दिखाया गया था। समाज के एक वर्ग ने इस पर आपत्ति भी जताई, लेकिन आम दर्शकों ने इस प्रगतिशील सोच का खुलकर स्वागत किया। इसके अलावा कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया फिल्म का एक गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों, हिंदुस्तान हमारा है' जबरदस्त हिट रहा। इस गाने ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर रहे भारतीयों में देशभक्ति का नया जोश भर दिया और यह गीत हर स्वतंत्रता सेनानी की जुबान पर चढ़ गया।

### रॉक्सी सिनेमा का वो अटूट रिकॉर्ड

इस फिल्म की लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण कोलकाता का रॉक्सी सिनेमा बना। वहां यह फिल्म बिना रुके लगातार 187 हफ्तों यानी लगभग साढ़े तीन साल तक चलती रही। यह अपने आप में एक ऐसा कीर्तिमान था, जिसे अगले 32 सालों तक भारतीय सिनेमा की कोई भी दूसरी फिल्म नहीं तोड़ सकी थी। बाद में इस फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने के लिए इसे तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रीमेक किया गया। आज आठ दशक से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी 'किस्मत' को भारतीय फिल्म जगत की सबसे मील का पत्थर और ऐतिहासिक फिल्मों में बेहद सम्मान के साथ गिना जाता है।

## खबर संक्षेप

### गांजा सप्लायर दंपती चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता के हत्थे



**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा के गांजा सप्लायर पति पत्नी को एक साथ ग्राम जजगा में पकड़ा बल्कि दोनों के पास से साढ़े चार लाख कीमती 22.6 किलो गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी दंपति के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने उड़ीसा के दो गांजा सप्लायर पति पत्नी को थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम जजगा में गिरफ्तार किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रविवार को थाना सीतापुर क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। गस्त के दौरान वंदना मेन रोड पर मैनपाट की तरफ जा रहे थे तभी जजगा पुलिया के पास एक महिला और एक पुरुष उड़ीसा नंबर की स्कूटी के साथ दो बोरियों के साथ खड़े थे। दोनों सरकारी वाहन को देख हड़बड़ा गए। जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने बोरियों में गांजा होने की बात बताई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम रूपनाथ यादव तथा महिला ने अपना नाम इच्छा यादव बताया साथ ही पति पत्नी होने की बात बताई।

### ढाबा संचालक कर रहा था डीजल की चोरी



**अंबिकापुर।** एक तरफ पेट्रोल डीजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और लोगों को सिमित मात्रा में ही पेट्रोल डीजल प्रदान किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोग अपने मुनाफे के लिए टैंकरों से डीजल चोरी के कारोबार में भी लिप्त हो गए है। इस बात का प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने टैंकर चालक और ढाबा संचालक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किया गया 950 लीटर डीजल, दो टैंकर, स्कोर्पियो वाहन को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम दुरती में अन्नपूर्णा ढाबा के संचालक द्वारा डीजल टैंकर चालकों की मदद से अपने ही ढाबा के पीछे टैंकर से डीजल चोरी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान यह बात सामने आई कि टैंकर वाहन क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 एवं टेंकर वाहन क्रमांक एनएल 06 ए 9129 में 24-24 हजार लीटर भारतीय पेट्रोलियम कंपनी का डीजल भरा हुआ था। टैंकर से डीजल मुगल सराय से उड़ीसा पहुंचाया जाना था लेकिन ढाबा संचालक रविकांत यादव ने दोनों टैंकरों के चालकों से सांठ-गांठ की गई और टैंकरों को अपने ढाबा के सामने किया गया।

## बिना बेस ढलाई के खड़ी हो रही किचन बिल्डिंग

# आदिवासी बच्चियों के लिए बन रहे विद्यालय भवन में अनियमितता

*लोगों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार द्वारा पिछड़े आदिवासी और जनजातीय क्षेत्रों की बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवास और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। जिस विद्यालय को आदिवासी बेटियों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव बनना था, उसी निर्माण कार्य में ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं।

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद न तो निर्माण कार्य की गंभीर जांच कराई जा रही है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हो रही है। प्रतापपुर विकासखंड के सरनापारा में लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में अब किचन भवन निर्माण को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे है। आरोप है कि किचन में बिना नीचे बेस ढलाई किए ही ऊपर सेंटरिंग कर सीधे ढलाई का कार्य किया जा रहा है। तकनीकी मानकों के अनुसार जहां ढलाई जाली की दूरी लगभग 6 इंच होनी चाहिए वहां 9 से 10 इंच की दूरी पर जाली बांधी गई है। वहीं निर्माण में केवल 8 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है, जिसे विशेषज्ञ बेहद कमजोर मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार निर्माण कार्य हो रहा है, उससे भवन की मजबूती पर भी सवाल उठने लगे है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते निर्माण गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता है।



भवन का ढलाई करते मजदूर।

### लोहे की जगह बांस और लकड़ी का सहारा

निर्माण कार्य में एक और गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जहां भारी ढलाई कार्य के दौरान लोहे की मजबूत बल्ली और सपोर्ट सिस्टम का उपयोग किया जाना चाहिए, वहां बांस और लकड़ी के सहारे सेंटरिंग कर ढलाई कराई जा रही है। इसे सीधे तौर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर किसी भी जिम्मेदार इंजीनियर की नियमित मौजूदगी नहीं रहती। मजदूरों से बिना किसी तकनीकी निगरानी के काम कराया जा रहा है। वहीं श्रमिकों के पास हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनकी जान भी जोखिम में बनी हुई है।

### आदिवासी बच्चियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों की बच्चियों को सुरक्षित वातावरण में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराना है। लेकिन यदि भवन निर्माण ही घटिया हो तो यह सीधे तौर पर छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। जानकारी के अनुसार एकलव्य विद्यालयों के निर्माण पर औसतन 37.8 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में यह लागत 48 करोड़ रुपये तक पहुंचती है। इसके अलावा छात्रों की शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं के लिए प्रति छात्र प्रतिवर्ष अलग से राशि भी स्वीकृत होती है। बावजूद इसके यदि निर्माण में गुणवत्ता नहीं रहेगी तो सरकार की पूरी योजना पर ही सवाल खड़े होने लगेंगे।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार, इंजीनियर तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

### कलेक्टर को कराएंगे वस्तुस्थिति से अवगत

पूर्व में एकलव्य विद्यालय निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर जांच टीम गठित कर मौके का निरीक्षण कराया गया था। जिसमें कई तकनीकी खामियां और गुणवत्ता संबंधी शिकायतें सामने आई थीं। जांच प्रतिवेदन जिला स्तर पर भेजा गया था। निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया निर्माण की जानकारी मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वे तत्काल मौके पर जाकर निर्माण का निरीक्षण करेंगी तथा पूरी वस्तुस्थिति से कलेक्टर को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

## मिलेट्स एवं कौशल विकास से बदल रही महिलाओं की पहचान



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एमए समाजशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर अंतर्गत सामाजिक पहुंच एवं कौशल विकास विषय पर अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशानुसार 4 से 11 मई तक छात्राओं ने कोरिया जिले में संचालित स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों का क्षेत्रीय अध्ययन किया। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य कोरिया जिले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा मिलेट्स एवं अन्य रोजगारपरक गतिविधियों के माध्यम से कौशल विकास का ऑकलन करना था।

अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि जिले की ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रही हैं। विशेष रूप से मिलेट्स जैसे कोदो, कुटकी और रागी आधारित कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। समूहों द्वारा पौष्टिक खाद्य सामग्री तैयार कर स्थानीय बाजारों तक पहुंचाई जा रही है, इसके अलावा महिलाएं सिलाई, मशरूम उत्पादन, अगरबत्ती निर्माण, बकरी पालन एवं हस्तशिल्प जैसे कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष बिक्की राम ने बताया कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं हैं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता के विकास का मजबूत आधार बन चुके हैं। सहायक प्राध्यापक विजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार का प्रभावी माध्यम बन रहा है। मिलेट्स आधारित गतिविधियों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ पारंपरिक खाद्य संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है। महाविद्यालय परिवार ने इस अध्ययन को ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं छात्राओं ने भी इस अध्ययन के माध्यम से ग्रामीण समाज की वास्तविक परिस्थितियों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया।

## ब्लॉक कांग्रेस की प्रथम संयुक्त बैठक, संगठन को मजबूत करने पदाधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- नवनियुक्त पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट का वितरण

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मण्डल कमेटी, पोलिंग बूथ कमेटी एवं वार्ड पंचायत कमेटी की प्रथम संयुक्त बैठक जुनाडीह स्थित एसपीजे मल्टीप्लेक्स में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस, मण्डल, बूथ एवं वार्ड पंचायत कमेटियों के सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।



उन्होंने संगठन विस्तार, जनसंपर्क एवं आम जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, कांग्रेसी नेता विक्रमादित्य सिंहदेव प्रदेश सचिव रणविजय सिंह देव कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि मण्डल, बूथ एवं वार्ड समितियां कांग्रेस पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और उन्हीं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा आम जनता तक पहुंचती है। बैठक में संगठन को गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के हाथों कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारीयो को सर्टिफिकेट का वितरण किया। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह देव, हर्ष सिंह देव, गप्पू खान, सराफत अली, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, मुकेश सिंह, विनोद सिंह, भूखल राम, देवनारायण सिंह, दिनेश तायल, जमील खान, इरशाद खान, सतेंद्र राय, मुन्ना यादव,अशफाक खान,मोजीब खान, रामसूजन द्विवेदी, अजर राम चौधरी, भानु राजवाड़े, मकसूद खान, नंदलाल राजवाड़े, लक्ष्मी सिंह, यशोमती पैकरा, मोनिका पैकरा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर पालिका को विकास कार्यों के लिए 5.76 करोड़ की स्वीकृति

रामानुजगंज। नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 76 लाख की स्वीकृति मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण केसरी एवं मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से अंबिकापुर स्थित उनके आवास में सौजन्य भेंट कर आभार ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा कर प्रसन्नता साझा की। नेताओं ने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास, सम्मान एवं समर्थन ही राष्ट्र और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका को मिली यह विकास राशि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित के कार्यों को नई गति देगी। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि यह स्वीकृति क्षेत्र की जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और विकास कार्यों से आम लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।

## लाई में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला




**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 एवं 30 मई को गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल परिसर लाई में आयोजित होने वाली दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यशाला की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वर्ग प्रमुख भीमसेन अग्रवाल, जिला प्रभारी बाबूलाल गोयल, प्रशिक्षण प्रमुख रामलखन सिंह पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, प्रशिक्षण नियंत्रक लखनलाल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय तथा जिला महामंत्री आशीष मजूमदार मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर उपस्थित अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने आगामी प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्देश्य, आयोजन की तैयारियों और संगठनात्मक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। वर्ग प्रमुख श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और अनुशासन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों की जानकारी मिलेगी, जिससे संगठन और अधिक सशक्त होगा। जिला प्रभारी बाबूलाल गोयल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और कार्यशैली का विकास होता है। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल मंत्र को समझने का अवसर मिलेगा।

## निधन

### अशोक सिंह

**बैकुण्ठपुर।** शहर के मिशन स्कूल रोड निवासी अशोक सिंह



सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर एसबीआई का सोमवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार की दोपहर करीब 3:30 बजे स्थानीय गेज नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

**आम सूचना**
**समक्ष:-श्रीमान् नोटरी महोदय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं ताज मोहम्मद आ. हैदर अली उम्र 33 वर्ष निवासी मझगवां थाना व तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूं निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं:-

01/- यह कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस बना हुआ है जिसका नंबर- CG1620140000243 है। जिसमे मेरा नाम TAJ MOHAMMAD दर्ज है जो कि गलत है।

02/- यह कि मेरा सही नाम TAAJ MOHAMMAD है जो कि मेरे आधार तथा पेन कार्ड में दर्ज है।

03/- यह कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम सुधार कर सही नाम दर्ज किया जाये जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

हस्ता. शपथकर्ता.

**सत्यापन**

मैं ताज मोहम्मद आ. हैदर अली यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त दर्शित शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लगायत 03 तक की कथन मेरे स्वत: की जानकारी से सत्य व सही है। आज दिनांक 25.05.2026 को स्थान बैकुण्ठपुर में शपथ पत्र सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।

हस्ता.शपथकर्ता

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रधानमंत्री आवास कार्य...

आवासों को सात दिनों के भीतर प्लिंथ लेवल तक पहुंचाकर जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आगामी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक से पहले अधिकतम आवास पूर्ण कराए जाएं। जिन ग्राम पंचायतों में प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है, वहां संबंधित सचिवों एवं रोजगार सहायकों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। बैठक में आवास निर्माण की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए मिस्त्री प्रशिक्षण मेसन ट्रेनिंग की तैयारी पर भी चर्चा हुई। इसके लिए ग्राम पंचायत तेंदुआ, करजी, भाड़ी, खाड़ा और खोडरी से 35-35 इच्छुक अभ्यर्थियों की सूची मंगाई गई है। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड आवास कॉर्डिनेटर, तकनीकी सहायक तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### शबरी की भक्ति...

महाराज जी ने कहा कि जटायु ने माता सीता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर नारी सम्मान, कर्तव्य और धर्म पालन की सर्वोच्च मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने जटायु को पिता तुल्य सम्मान देकर यह संदेश दिया कि धर्म और सत्य के लिए किया गया समर्पण कभी व्यर्थ नहीं जाता। कथा के दौरान माता शबरी की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए जगद्गुरू भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि माता शबरी वर्षों तक प्रभु श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा करती रहीं। वे प्रतिदिन प्रभु के स्वागत के लिए प्रेमपूर्वक बेर चुनकर रखती थीं। जब भगवान श्रीराम उनके आश्रम पहुंचे तो माता शबरी ने प्रेमवश बेरों को चख-चख कर मीठे बेर प्रभु को अर्पित किए। महाराज जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने उन बेरों में भक्त के निष्कलंक प्रेम, श्रद्धा और भक्ति का अमृत देखा। प्रभु को वैभव और आडंबर नहीं, बल्कि सच्चा प्रेम और निर्मल हृदय प्रिय होता है।

### सीमांत किसानों को...

किसानों की श्रेणी के अनुसार वितरण व्यवस्था- बैठक में किसानों की भूमि धारिता के अनुसार खाद वितरण की व्यवस्था तय की गई। सीमांत कृषकों 2.5 एकड़ तक को खाद एकमुश्त दी जाएगी। लघु कृषकों 2.5 से 5 एकड़ को यूरिया दो किश्तों में तथा बड़े कृषकों 5 एकड़ से अधिक को तीन किश्तों में दिया जाएगा। प्रत्येक किश्त के बीच 20 दिनों का अंतर रहेगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए समिति प्रबंधकों को साख सहकारी समिति खोलने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को खाद समय पर मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद भंडारण और वितरण का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखा जाए तथा वितरण की जानकारी नियमित रूप से साझा की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनभिज्ञता होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जाए। कलेक्टर ने जिला मार्कफेड अधिकारी से कहा कि जिन समितियों से धान उठाव बचे हैं, उसमें तेजी लाएं। उन्होंने डीएमओ से कहा कि परिवहन में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इस पर विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर श्रीमती यादव ने दोनों ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन समय पर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला कृषि विभाग के एसडीओ ने बताया कि कुछ समितियों में खाद का भंडारण अव्यवस्थित तरीके से किया गया था, जिससे वास्तविक स्टॉक का पता लगाने में कठिनाई हो रही है। इस पर कलेक्टर ने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। छग शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देशों में संतुलित उर्वरक उपयोग, जैव उर्वरक और हरी खाद को बढ़ावा देने, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

## जिला लघु वनोपज अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने किया तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत बासेंन तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र में जिला लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष एवं केंद्र प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य, खरीदी व्यवस्था, मजदूरों की सुविधाएं तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी का जायजा लिया गया।

केंद्र प्रबंधक सुरेश सोनी ने ग्रामीणों एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता खरीदी से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है, जिससे हजारों परिवारों को रोजगार एवं आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। शासन द्वारा संग्राहकों को उचित समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है ताकि उन्हें उनके मेहनत का सही लाभ मिल सके। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लघु वनोपज से जुड़े मजदूरों और ग्रामीणों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इनमें बोनस वितरण, बीमा योजना, श्रमिक हितकारी योजनाएं तथा वनाधिकार से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा संग्राहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

